# DULF

DELHI UNIVERSITY LITERATURE FESTIVAL

| Nation First: Unity in Diversity |

NEWSLETTER | VOLUME 1 | ISSUE 2 | FEBRUARY 12, 2026 | FESTIVAL DATES: 12-14 FEB


# शब्द, संवाद और संस्कार: 'राष्ट्र प्रथम' के आलोक में दिल्ली विश्वविद्यालय का साहित्यिक महाकुंभ


हर्ष प्रकाश झा और शुभांश तिवारी
दिल्ली स्कूल ऑफ जर्नलिज़्म


दिल्ली विश्वविद्यालय के उत्तरी परिसर स्थित स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में आगामी 12, 13 और 14 फरवरी, 2026 को विश्वविद्यालय के प्रथम 'साहित्य महोत्सव' (DULF) का आयोजन किया जा रहा है। 'राष्ट्र प्रथम: अनेकता में एकता' विषय पर केंद्रित इस त्रिदिवसीय ऐतिहासिक समारोह में जाने माने साहित्यकार, अभिनेता, पत्रकार एवं प्रतिष्ठित हस्तियों की उपस्थिति रहेगी। आयोजन स्थल पर साहित्य प्रेमियों के लिए लगभग 150 पुस्तक स्टॉल लगाए जाएंगे।

आयोजन के औचित्य को रेखांकित करते हुए भर्तृहरि के 'नीतिशतकम्' का संदर्भ अत्यंत प्रासंगिक है, जहाँ साहित्य, संगीत और कला को मनुष्यता का आधार बताया गया है: "साहित्य-संगीत-कला-विहीनः साक्षात् पशुः पुच्छ-विषाण-हीनः।" इसी विचार को विस्तार देते हुए दिल्ली विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. योगेश सिंह द्वारा स्पष्ट किया गया है कि विश्वविद्यालय को केवल डिग्री प्रदान करने वाली संस्था तक सीमित नहीं रखा जा सकता। उनके अनुसार, विश्वविद्यालय समाज के लिए दिशा और चेतना तैयार करने का केंद्र है।

**साहित्यिक परंपरा का सशक्त उद्घोष: डॉ. रमा**

हंसराज कॉलेज की प्राचार्या प्रो. रमा द्वारा साहित्य को संस्कारों से जोड़ा गया है। उनके विचार में, जब शब्द विचार का रूप लेते हैं और राष्ट्रचेतना का निर्माण करते हैं, तो साहित्य केवल अभिव्यक्ति न रहकर संस्कार बन जाता है। इस महोत्सव को एक जीवंत साहित्यिक परंपरा का परिचायक बताया गया है जो अकादमिक मौन को तोड़ने का कार्य करेगा।उन्होंने इस आयोजन को एक "जीवंत साहित्यिक परंपरा का सशक्त उद्घोष" बताया है। यह उद्घोष उस मौन का अंत है जो अक्सर अकादमिक गलियारों में केवल पाठ्यक्रमों तक सीमित रह जाता था।

**कक्षाओं से परे सीखने का मॉडल: प्रो. अंजना शर्मा**

अंग्रेजी विभाग की विभागाध्यक्ष प्रो. अंजना शर्मा द्वारा इस पहल को अद्वितीय और प्रशंसनीय बताया गया है। यह विचार व्यक्त किया गया कि भारत की समृद्ध और विविध साहित्यिक विरासत को प्रदर्शित करना युवा मस्तिष्कों के पोषण के लिए आवश्यक है। प्रो. शर्मा के अनुसार, यह महोत्सव कक्षाओं के शिक्षाशास्त्र से परे सीखने का एक प्रतिमान स्थापित करेगा, जहाँ 'जीवन' और 'साहित्य' को एक साथ बुना जा सकेगा।

**विविधता में एकता का जीवंत उदाहरण: प्रो. अजय कुमार अरोड़ा**

'राष्ट्र प्रथम: अनेकता में एकता' के संदर्भ में रामजस कॉलेज के प्राचार्य प्रो. अजय कुमार अरोड़ा द्वारा दिल्ली विश्वविद्यालय को विविधता में एकता का प्रबल उदाहरण बताया गया। उनके द्वारा यह रेखांकित किया गया कि देश के विभिन्न कोनों से आने वाले छात्र ही विश्वविद्यालय के चरित्र का निर्माण करते हैं। उनके विचार में, विश्वविद्यालय परिसर एक 'लघु भारत' का प्रतिबिंब है।



(From Left to Right) Prof. Anjana Sharma, Prof. Arun Choudhary, Prof. Darshan Pandey, Dr. Rama, Prof. Ajay Kumar Arora

**Gen Z प्रतिक्रियावादी नहीं, रचनात्मक है: प्रो. दर्शन पाण्डेय**

राजधानी कॉलेज के प्राचार्य प्रो. दर्शन पाण्डेय द्वारा इस धारणा का खंडन किया गया कि युवा पीढ़ी (Gen Z) केवल प्रतिक्रियावादी है; उन्हें रचनात्मक और संस्कृति से जुड़ा बताया गया। उनके द्वारा 'भारत बोध' की चर्चा की गई जो तमाम विविधताओं के बावजूद सबको जोड़ता है। यह स्पष्ट किया गया कि मतभेद हो सकते हैं, लेकिन राष्ट्र सर्वोपरि है।

**युवा ऊर्जा और सहभागिता: प्रो. अरुण चौधरी**

श्री अरबिंदो कॉलेज के प्राचार्य प्रो. अरुण चौधरी द्वारा यह संदेश दिया गया कि शिक्षा और कौशल का अंतिम उद्देश्य समाज का कल्याण होना चाहिए। छात्रों को केवल श्रोता न बनकर आयोजन में सक्रिय भागीदार बनने के लिए प्रोत्साहित किया गया। प्रो. चौधरी द्वारा यह स्मरण कराया गया कि दिल्ली विश्वविद्यालय के 100 वर्ष केवल इमारतों का इतिहास नहीं, बल्कि ज्ञान की अविरल धारा की कहानी है।

दिल्ली विश्वविद्यालय का यह प्रांगण, जो पिछले 100 वर्षों से स्वतंत्रvता संग्राम से लेकर आधुनिक भारत के निर्माण तक हर ऐतिहासिक क्षण का गवाह रहा है, आज पुनः एक नए इतिहास की दहलीज पर खड़ा है। यह आयोजन कुलपति प्रो. योगेश सिंह और सभी समितियों के संयोजकों के अथक प्रयास का प्रतिफल है।

यह साहित्य का कुंभ है, और हम सब इसके तीर्थयात्री। आइए, इस ज्ञान यज्ञ में अपनी आहुति दें।

जय हिन्द! राष्ट्र प्रथम!

# Literature is the equation of humanity: Prof. Balaram Pani


*Dr. Sanjay Verma & Avni Agarwal*
*Delhi School of Journalism*


As Delhi University prepares for the Delhi University Literature Festival 2026 (12–14 February), the campus is getting ready for more than a gathering of writers and readers. It is preparing for a shared intellectual and cultural moment, one that brings together students, teachers, colleges, and ideas from across the country.

In a conversation with Dr. Sanjay Verma, Prof. Balaram Pani, Dean of Colleges, University of Delhi, offered a powerful way to understand literature and its role in a university like DU. In his words:

***"To me, literature is the mathematics of the humanities."***

At first, the idea surprises. But as Prof. Pani explains, literature works much like an equation as it expresses complex realities in simple forms. "What you explain in 10–15 pages," he says, "the same thing we express in mathematics through one equation." In the same way, a short poem or a single shloka can capture the values and struggles of an entire society.

For Prof. Pani, literature is not limited to academics. "It has a very wide scope," he notes. "It is not only for academicians as it caters to every human being." Words have the power to stay with young minds. Sometimes, he says, "At times, a single sentence stays in the minds of young people," which quietly shapes the way they think and act.

This idea connects closely with the spirit of DULF. With its 91 colleges and 87 departments, the University is deeply diverse. Each college has its own identity and culture. A common festival, Prof. Pani believes, allows these different worlds to meet. Diversity, he reminds us, is essential, "If everything becomes one colour, it sums up to being colourless."

He also reflects on how literature festivals have changed. Technology and digital media have influenced reading habits, but the value of books remains strong. Reading, he says, is a kind of "brain exercise" that keeps the mind active. At the same time, today's students need a holistic approach where literature, music, theatre, films, and discussions exist together, making learning engaging and inclusive.



Prof. Balaram Pani with Dr. Sanjay Verma

Speaking about the DULF 1.0 theme, Nation First: Unity in Diversity, Prof. Pani compares the nation to a tree. If the tree is strong, all its branches flourish. Unity, he explains, does not erase diversity but adds to its strength.

As the festival approaches, Prof. Pani leaves a clear message for students, teachers, and administrators alike: take ownership of the festival. See it not as a university event, but as your own because when literature becomes the equation of humanity, everyone plays a part in solving it.

# Editorial: From vision to voice

*Dr Sanjay Verma*
*Convener, Printing and Publishing Committee & OSD, Delhi School of Journalism*

Universities have always been more than Some festivals are planned. Others are felt. The Delhi University Literature Festival is both.

As we step into the festival days, we carry forward a vision that was never limited to planning sessions or inviting speakers. It was about creating a space that reflects what Delhi University has stood for over the last hundred years: academic excellence, cultural vibrance, and a deep sense of national identity.

The inaugural edition of DULF is now unfolding across the campus. Under the guidance of our Hon'ble Vice Chancellor, the University envisioned not only an event, but a living platform where literature, language, and creativity come together in the service of a larger purpose. That purpose is to nurture thoughtful citizens who can contribute meaningfully to society.

Our January edition marked the beginning of this literary journey. This second edition captures the energy of the moment. Stages are being set, conversations are underway, and students from across Delhi University have stepped in as volunteers, performers, photographers, editors, and listeners. It is their participation that transforms this event into a shared cultural experience.

What makes DULF distinct is its rootedness in India's lived idea of unity in diversity. There is no single language of literature here. There are many.

From Hindi poetry and Urdu storytelling to Sanskrit recitations and English debates, the festival embraces the multilingual rhythm of the country. Expression is not bound by form, but flows through theatre, satire, music, film, and conversation. This vision has been brought to life through the tireless work of faculty mentors, student coordinators, and partner institutions.

In this edition, we also feature the story of Bhagat Singh and the Vice Regal Lodge, reminding us that literature and revolution have always been closely linked. Ideas have power. Words have legacy. The act of writing, reading, or listening can often carry the spark of resistance and the promise of renewal. The Delhi University Literature Festival is one such spark. It is an open invitation to engage, reflect, and respond. The next few days will bring diverse voices to our campus. Some will raise questions. Some will offer answers. All will leave behind something to carry forward. Let this be a celebration of who we are and what we could become. A celebration of thought, culture, and the courage to imagine.

Let the voices rise.

**DULF Newsletter Editorial Board**

**Chief Editor**
**Dr Sanjay Verma**
**Convener, Printing and Publishing Committee**
**and**
**OSD, Delhi School of Journalism**

**Editorial Board Members**
*Dr Satya Prakash Singh*
*Dr Vikas Singh*
*Dr Abdullah Khan*
*Dr Jyoti Arora*
*Dr Mercy Jill Jill*
*Dr Rishi Kesh Singh*
*Mr Lalit Kumar*
*Dr Yatin Batra*
*Dr Rakesh Kumar Dubey*
*Dr Anuj*
*Dr Deepa Rani*
*Dr Anshula Garg*
*Mr Sumit Kumar Pandey*
*Ms Epshita Kanaujia*
*Ms Saslang Jamatia*
*Mr Bhaskar Hari Sharma*
*Ms Swayamprabha*
*Mr Kapil*

**Design and Layout**
Alaina Amlan

**VCIS Interns**
Abhishek Kumar
Khushboo Singh
Avni Agarwal
Kritikaa Gandhi
Megha Joshi

**LitFest Student Team**
Shreyas Bajpai
Arjya Biswas
Shubhangi Kshitiza Sourav
Harsh Jha
Shubhansh Tiwari
Yash Vardhan Singh
Shrishti Kumari
Aryan

# दिल्ली विश्वविद्यालय का साहित्यिक उत्सव: शब्द, कला और विचारों का संगम




अवनी अग्रवाल
दिल्ली स्कूल ऑफ जर्नलिज़्म

**"वागर्थाविव सम्पृक्तौ वागर्थप्रतिपत्तये।**
**जगतः पितरौ वन्दे पार्वतीपरमेश्वरौ॥"**

जिस प्रकार वाणी और अर्थ एक-दूसरे से अलग होकर अपना अस्तित्व नहीं रख सकते, उसी प्रकार साहित्य भी समाज से कटकर नहीं जी सकता। शब्द तभी अर्थवान होते हैं, जब वे संवेदना से जुड़ते हैं और अर्थ तभी जीवित रहता है, जब उसे शब्दों की देह मिलती है। इसी शाश्वत सत्य को दिल्ली विश्वविद्यालय का उत्तर परिसर इन दिनों सजीव रूप में जी रहा है। 12, 13 और 14 फरवरी को आयोजित यह साहित्य महोत्सव केवल एक आयोजन नहीं, बल्कि शब्द और विचार के उस पवित्र संगम की पुनर्प्रतिष्ठा है, जहाँ अभिव्यक्ति संस्कार बन जाती है।

दिल्ली विश्वविद्यालय केवल एक शैक्षणिक संस्था नहीं है। यह भारत की उस बौद्धिक चेतना का केंद्र रहा है, जहाँ से विचार समाज में प्रवाहित हुए हैं। प्रेमचंद की कहानियों की पीड़ा हो, निराला की कविता की जिद हो, या मुक्तिबोध के सवालों की बेचैनी—इन दीवारों ने समय के साथ हर स्वर को सुना है। इसी विरासत को आगे बढ़ाते हुए कुलपति प्रो. योगेश सिंह स्पष्ट करते हैं कि **"विद्यार्थियों में शिक्षा के साथ-साथ समाज, संस्कृति, संवाद और राष्ट्रबोध विकसित करना विश्वविद्यालयों का दायित्व है।"** इसी भाव को रेखांकित करते हुए इस साहित्य महोत्सव के चेयरपर्सन अनुप लाठर जी कहते हैं कि **दिल्ली विश्वविद्यालय का आँगन सदैव समावेशी रहा है—यहाँ देश के हर क्षेत्र से ही नहीं, बल्कि विश्व के विभिन्न देशों से भी विद्यार्थी अध्ययन के लिए आते हैं, और यह विश्वविद्यालय उन्हें खुले बाहों से स्वीकार करता है।**

हिंदी, उर्दू, संस्कृत से लेकर अनेक भारतीय और विदेशी भाषाओं तक, दिल्ली विश्वविद्यालय में लगभग 16 भाषाओं के लिए स्वतंत्र विभाग हैं—जो इसे भाषायी और सांस्कृतिक विविधता का एक अद्वितीय केंद्र बनाते हैं। यही बहुभाषिक और बहुसांस्कृतिक परंपरा "अनेकता में एकता" की उस जीवंत अभिव्यक्ति को साकार करती है, जिसे यह साहित्य महोत्सव अपने स्वर और संवाद के माध्यम से आगे बढ़ा रहा है। शायद इसी दृष्टि ने इस आयोजन को एक औपचारिक कार्यक्रम भर न रहने देकर एक गहरी सांस्कृतिक ज़िम्मेदारी का रूप दे दिया है।

उत्तर परिसर इन तीन दिनों में एक खुली किताब की तरह है, जिसके पन्ने तीन अलग-अलग मंचों पर खुलते हैं। शंकरलाल हॉल में गंभीर वैचारिक संवाद हैं, मल्टीपर्पज़ हॉल में समकालीन विमर्श और साहित्यिक प्रस्तुतियाँ हैं, और रग्बी स्टेडियम में सजी "चौपाल" इस महोत्सव की आत्मा बनकर उभरती है। यहाँ देश के अलग-अलग राज्यों की संस्कृति, लोक परंपराएँ और जीवन-दृष्टियाँ एक साझा संवाद में बदल जाती हैं। तीन मंच हैं, पर संदेश एक कि, **भाषा दीवार नहीं, खिड़की होती है।**

इस वर्ष का विषय **"राष्ट्र प्रथम: अनेकता में एकता"** केवल एक थीम नहीं, बल्कि भारत की आत्मा की अभिव्यक्ति है। यह वही भावना है, जिस पर **प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का "विकसित भारत"** का संकल्प टिका है। विकसित भारत का अर्थ केवल आर्थिक प्रगति नहीं, बल्कि सांस्कृतिक चेतना, वैचारिक परिपक्वता और संवाद की जीवंत परंपरा भी है। जब युवा अपनी जड़ों को समझते हुए भविष्य की ओर बढ़ते हैं, जब वे असहमति को टकराव नहीं बल्कि संवाद का माध्यम बनाते हैं तभी विकास पूर्ण होता है। साहित्य इस विकास का मौन लेकिन सशक्त वाहक है।

साहित्य क्या है? शब्दों का खेल? कल्पनाओं की उड़ान? नहीं। साहित्य वह दर्पण है जिसमें समय, समाज और स्वयं का चेहरा दिखाई देता है। यह वे प्रश्न पूछता है जिन्हें अक्सर अनसुना कर दिया जाता है। यह वे आवाज़ें उठाता है जिन्हें दबा दिया गया होता है। छात्र जीवन में इसकी भूमिका और भी गहरी हो जाती है। जब कोई युवा प्रेमचंद की 'कफ़न' पढ़ता है, तो ग़रीबी आँकड़ा नहीं रहती वह मानवीय पीड़ा बन जाती है। जब कोई छात्रा महादेवी वर्मा को पढ़ती है, तो अपने भीतर की आवाज़ को पहचानने लगती है। साहित्य किताब नहीं, जीवन सिखाता है। इस महोत्सव की आत्मा उसके मंचों पर मौजूद विविध आवाज़ों में भी बसती है। पुरातत्वविद् **के. के. मुहम्मद** इतिहास को केवल अतीत नहीं, वर्तमान से जोड़कर देखते हैं। **अंजना ओम कश्यप और राहुल शिवशंकर** रोज़ लाखों लोगों तक विचार पहुँचाते हैं। **शुभ्रा रंजन** शिक्षा को सामाजिक परिवर्तन का औज़ार मानते हैं। **पंकज त्रिपाठी और विवेक अग्निहोत्री** सिनेमा के माध्यम से समाज का आईना रखते हैं। **राम माधव और सुधांशु त्रिवेदी** राजनीति को विचार की ज़मीन पर समझने का प्रयास करते हैं। ये केवल नाम नहीं हैं ये हमारे समय की अलग-अलग आवाज़ें हैं, जो एक मंच पर आकर संवाद को संभव बनाती हैं।

यह महोत्सव भाषाओं के बीच सेतु बनता है। हिंदी, उर्दू, अंग्रेज़ी और अन्य भारतीय भाषाएँ यहाँ प्रतिस्पर्धा नहीं करतीं, बल्कि एक-दूसरे को समृद्ध करती हैं। जब उर्दू का एक शेर हिंदी श्रोता को छू जाता है, या अंग्रेज़ी में रखा गया कोई विचार भारतीय संदर्भ में नया अर्थ पा लेता है तब भाषा बाधा नहीं, मार्ग बन जाती है।

प्रो. योगेश सिंह का यह कथन इस पूरे आयोजन की आत्मा को समेट लेता है, **"संवाद ही लोकतंत्र की रीढ़ है; असहमति के बीच भी सम्मान और विचार की परंपरा बनी रहनी चाहिए।"** आज के शोरगुल भरे समय में यह बात और भी प्रासंगिक हो जाती है। यह साहित्य महोत्सव हमें सिखाता है कि बहस में भी शालीनता हो सकती है, और विविधता में भी एकता।

परिसर की सड़कों पर चलते हुए एहसास होता है कि यह उत्सव केवल 12, 13 और 14 फरवरी तक सीमित नहीं रहेगा। यह उन हज़ारों छात्रों की स्मृतियों में जीवित रहेगा, जिन्होंने पहली बार किसी बड़े विचारक को सुना, पहली बार किसी कविता में खुद को पहचाना, या पहली बार यह सोचा शायद वे भी लिख सकते हैं। दिल्ली विश्वविद्यालय का साहित्य महोत्सव एक बीज बोता है, संवेदनशीलता का, विचारशीलता का और मनुष्यता का। और शायद साहित्य का सबसे बड़ा योगदान भी यही है कि वह हमें केवल शिक्षित नहीं करता, बल्कि बेहतर इंसान बनाता है।

# दिल्ली विश्वविद्यालय साहित्य महोत्सव 1.0 अनूप लाठर (अध्यक्ष एवं संयोजक, आयोजन समिति) से विशेष बातचीत



Shri. Anoop Lather

> “दिल्ली विश्वविद्यालय की सबसे बड़ी ताकत यही है कि यहाँ कोई बाहरी नहीं होता। यही विविधता—भाषाई, सांस्कृतिक और वैचारिक—इस विश्वविद्यालय को एक लघु भारत बनाती है।”

> “दिल्ली विश्वविद्यालय केवल एक शिक्षण संस्थान नहीं, बल्कि अपने आप में एक विचार है, एक परंपरा है।”

**दिल्ली विश्वविद्यालय साहित्य महोत्सव के प्रचार-प्रसार और योजनाओं के बारे में दिल्ली विश्वविद्यालय के जन सम्पर्क अधिकारी एवं आयोजन समिति के अध्यक्ष तथा संयोजक श्री अनूप लाठर से डॉ अनुज (दिल्ली स्कूल ऑफ जर्नलिज़्म) एवं अभिषेक कुमार (वीसीआईएस इंटर्न) ने बातचीत की। प्रस्तुत है उस बातचीत के कुछ अंश:-**

**साक्षात्कारकर्ता: दिल्ली स्कूल ऑफ जर्नलिज़्म के छात्र**
**साक्षात्कारदाता: श्री अनूप लाठर**
**(चेयरपर्सन, ऑर्गनाइजिंग कमेटी एवं कन्वीनर – दिल्ली यूनिवर्सिटी लिटरेचर फेस्टिवल)**

**प्रश्न 1: सर, आपने रंगमंच कलाकार, सांस्कृतिक मार्गदर्शक और आयोजक के रूप में कई भूमिकाएँ निभाई हैं। सबसे पहले हम आपसे यह जानना चाहेंगे कि दिल्ली यूनिवर्सिटी लिटरेचर फेस्टिवल (DULF) का विचार आपको कैसे आया और इस समय इसकी आवश्यकता क्यों महसूस हुई?**

**उत्तर:** देखिए, दिल्ली यूनिवर्सिटी लिटरेचर फेस्टिवल का विचार व्यक्तिगत नहीं बल्कि संस्थागत है। यह माननीय कुलपति प्रोफेसर योगेश सिंह जी की इच्छा थी कि दिल्ली विश्वविद्यालय में एक ऐसा साहित्यिक उत्सव हो, जो विश्वविद्यालय की शैक्षणिक, सांस्कृतिक और वैचारिक विविधता को एक मंच पर लाए। उसी विचार को मूर्त रूप देने की ज़िम्मेदारी हमें सौंपी गई।

दिल्ली विश्वविद्यालय केवल एक शिक्षण संस्थान नहीं, बल्कि अपने आप में एक विचार है, एक परंपरा है। ऐसे में साहित्य—जो समाज की आत्मा होता है—उसके लिए एक समर्पित मंच का होना बहुत ज़रूरी था।

**प्रश्न 2: आप व्यक्तिगत रूप से इस आयोजन से कैसे जुड़े रहे हैं? क्या आपका पूर्व अनुभव इस महोत्सव की योजना में सहायक रहा?**

**उत्तर: बिल्कुल। मुझे साहित्यिक और सांस्कृतिक आयो**जनों का लगभग पाँच दशकों का अनुभव है। मैंने साहित्यिक कार्यशालाओं, लोक कला उत्सवों, रंगमंच महोत्सवों और फ़िल्म फ़ेस्टिवल्स का आयोजन किया है। ‘रत्नावली’ जैसे लोक कला महोत्सवों से लेकर साहित्यिक कार्यशालाओं तक, यह यात्रा निरंतर रही है।इसलिए जब इस तरह के विराट आयोजन की ज़िम्मेदारी मिली, तो अनुभव ने मार्गदर्शन किया। आयोजन मेरे लिए कोई बोझ नहीं, बल्कि आनंद का विषय है।

**प्रश्न 3: दिल्ली विश्वविद्यालय अपनी सौ वर्षों की विरासत पूरी कर चुका है। इतने लंबे इतिहास के बाद साहित्य उत्सव की आवश्यकता क्यों महसूस हुई?**

**उत्तर:** दिल्ली विश्वविद्यालय देश के सबसे पुराने और प्रतिष्ठित विश्वविद्यालयों में से एक है। हाल ही में हमने अपना शताब्दी वर्ष मनाया, जिसमें वर्षभर अनेक शैक्षणिक और सांस्कृतिक गतिविधियाँ हुईं।

लेकिन साहित्य उत्सव की बात अलग है। यहाँ देशभर से छात्र, शिक्षक और विचारक आते हैं। दिल्ली विश्वविद्यालय की सबसे बड़ी ताकत यही है कि यहाँ कोई बाहरी नहीं होता। ***“Nobody is an outsider.”***

यही विविधता—भाषाई, सांस्कृतिक और वैचारिक—इस विश्वविद्यालय को एक लघु भारत बनाती है। ऐसे में ***“Unity in Diversity”*** को साकार करने के लिए एक साहित्य उत्सव बेहद ज़रूरी था।

**प्रश्न 4: आपने बार-बार ‘राष्ट्रीय चरित्र’ की बात की। क्या इस उत्सव की थीम भी इसी से जुड़ी है?**

**उत्तर:** जी हाँ। इस वर्ष हमारे साहित्य उत्सव की थीम राष्ट्र प्रथम: एकता में अनेकता है। देशभर में अलग-अलग साहित्य उत्सव हो रहे हैं, लेकिन राजधानी के विश्वविद्यालय के रूप में दिल्ली विश्वविद्यालय का दायित्व और भी बड़ा है।

हम चाहते थे कि यह उत्सव राष्ट्रीय चेतना, सांस्कृतिक आत्मबोध और बौद्धिक संवाद का मंच बने।

**प्रश्न 5: छात्रों और शिक्षकों की भूमिका को आप इस तीन दिवसीय आयोजन में कैसे देखते हैं?**

**उत्तर:** यह उत्सव छात्रों के बिना अधूरा है। इसकी सफलता का सबसे बड़ा पैमाना यही होगा कि कितने युवा इसे अपनाते हैं। बड़े नाम बुला लेना ही पर्याप्त नहीं होता, जब तक सुनने वाले श्रोता न हों।

शिक्षकों और छात्रों—दोनों के लिए यह एक साझा मंच है। यहाँ छात्र सीखेंगे, संवाद करेंगे, सवाल पूछेंगे और शिक्षक मार्गदर्शन करेंगे।

**प्रश्न 6: क्या भविष्य में इसे अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ले जाने की योजना है?**

**उत्तर:** बिल्कुल। यह पहला संस्करण है, इसलिए हमने पहले ***‘elimination of failure’*** पर ध्यान दिया है—यानी जो हमारे नियंत्रण में है, वही किया गया है। अगले दो-तीन वर्षों में हमारा लक्ष्य इसे एक पूर्ण अंतरराष्ट्रीय साहित्य उत्सव में बदलने का है। तीसरे वर्ष तक हम इसे वैश्विक मंच पर देखना चाहते हैं।

**प्रश्न 7: सर, DULF 1.0 की सफलता किन मानकों से तय होगी?**

**उत्तर:** पहला मानक—छात्रों की भागीदारी।
दूसरा—विचारों की गुणवत्ता।
तीसरा—अनुभव।

मैं अक्सर आयोजन की तुलना विवाह से करता हूँ। दूल्हा-दुल्हन के साथ सजावट, संगीत, भोजन, हर चीज़ का महत्व होता है। उसी तरह साहित्य उत्सव में भी लेखक, श्रोता, सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ, खुला मंच—सब मिलकर एक अनुभव रचते हैं।

**प्रश्न 8: इस उत्सव में सांस्कृतिक कार्यक्रमों की क्या भूमिका है?**

**उत्तर:** साहित्य केवल किताबों तक सीमित नहीं है। कविता, लोक नृत्य, भजन, संगीत—सब साहित्य का ही विस्तार हैं। हमने ‘चौपाल’ जैसे खुले मंच रखे हैं, जहाँ कवि सम्मेलन, लोक प्रस्तुतियाँ और सांस्कृतिक संवाद होंगे। अंतिम दिन विभिन्न राज्यों के लोक कलाकार अपनी प्रस्तुतियाँ देंगे—यही हमारी ***‘Unity in Diversity’*** की सजीव तस्वीर होगी।

**प्रश्न 9: 50 से अधिक प्रतिष्ठित व्यक्तित्वों को आमंत्रित किया गया है। क्या कुछ प्रमुख नाम आप साझा करना चाहेंगे?**

**उत्तर:** ज़रूर। इस वर्ष पंकज त्रिपाठी, विवेक अग्निहोत्री, विजय चौथाईवाले, आनंद रंगनाथन, के.के. मोहम्मद, अंजना ओम कश्यप, रुबिका लियाकत, पीयूष मिश्रा जैसे कई प्रमुख नाम हमारे साथ होंगे।

साथ ही कुछ ऐसे व्यक्तित्व भी हैं, जिन्होंने जीवन के संघर्ष से प्रेरणा ली है—जैसे दिनेश मोहन, जिन्होंने 50 की उम्र के बाद मॉडलिंग शुरू की।

**प्रश्न 10: तीन दिनों के बाद आप छात्रों से क्या अपेक्षा रखते हैं कि वे क्या सीखकर जाएँ?**

**उत्तर:** कोई किसी को बना नहीं सकता—इंसान खुद बनता है। शिक्षक और छात्र के रिश्ते में ‘स्पार्क’ की बात होती है। जैसे रिले रेस में बैटन समय पर हाथ में आनी चाहिए, वैसे ही सही समय पर सही प्रेरणा मिल जाए, तो जीवन की दिशा बदल जाती है। यदि छात्र यहाँ से प्रेरणा लेकर जाएँ, सवाल पूछने लगें—तो यही हमारी सफलता है।

**प्रश्न 11: दिल्ली स्कूल ऑफ जर्नलिज्म से आपकी क्या अपेक्षाएँ हैं?**

**उत्तर:** आप एक पेशेवर संस्थान हैं। आपकी भूमिका केवल तीन दिन का न्यूज़लेटर निकालने तक सीमित नहीं होनी चाहिए। आपको पूरे वर्ष इस उत्सव की स्मृति को जीवित रखना है—डिजिटल आर्काइव, वीडियो क्लिप्स, रिपोर्ट्स के माध्यम से। अगर आप यह कर पाए, तो अगले वर्ष प्रायोजक स्वयं हमारे पीछे आएँगे।

**प्रश्न 12: एलुमनाई को इस उत्सव से जोड़ने को लेकर क्या योजना है?**

**उत्तर:** इस वर्ष हमने एलुमनाई को औपचारिक रूप से नहीं जोड़ा। हमारा उद्देश्य पहले माहौल बनाना था।

अगले वर्ष हम चाहते हैं कि एलुमनाई खुद कहें—“हमें क्यों नहीं बुलाया?” जब उत्सव अपनी पहचान बना लेता है, तो लोग जुड़ना चाहते हैं।

**प्रश्न 13: नए पाठकों और छात्रों को साहित्य से कैसे जोड़ा जा सकता है?**

**उत्तर:** आज के दौर में जानकारी की कमी नहीं है। समस्या केवल रुचि की है। पढ़ना वही चाहिए जिसमें आपकी रुचि हो—***What to read, how to read, when to read***—ये जीवन के महत्वपूर्ण प्रश्न हैं। कोई भी चीज़ जबरन नहीं सिखाई जा सकती।

**प्रश्न 14: क्या ऐसे आयोजन केवल कुछ दिनों के लिए होते हैं या इनका दीर्घकालिक प्रभाव भी पड़ता है?**

**उत्तर:** विश्वविद्यालय में ज्ञान रोज़ बंटता है। लेकिन ऐसे उत्सव मेले की तरह होते हैं—जहाँ विविध विचार एक साथ मिलते हैं। यहाँ आप एक ही दिन में दस अलग-अलग दृष्टिकोण सुन सकते हैं। यही इन आयोजनों की ताकत है।

**प्रश्न 15: इस उत्सव को सफल बनाने में सहयोगी संस्थाओं की भूमिका क्या रही है?**

**उत्तर:** यह अकेले संभव नहीं था। हमारी एक बड़ी टीम है—कमेटियाँ हैं, उप-कमेटियाँ हैं। नेशनल बुक ट्रस्ट, संस्कृति मंत्रालय, विभिन्न अकादमियाँ हमारे सहयोगी हैं। यह टीम मेरे लिए केवल टीम नहीं, परिवार है। मैं विश्वास के आधार पर काम करता हूँ।

**प्रश्न 16: अब तक की यात्रा में सबसे बड़ी चुनौती क्या रही?**

**उत्तर:** सच कहूँ तो मुझे कोई चुनौती महसूस नहीं हुई। मुझे आनंद आ रहा है। यह मेरा शौक है—और जब शौक को काम बना लिया जाए, तो थकान नहीं होती।

**प्रश्न 17:**
**अंत में, छात्रों के लिए आपका संदेश?**

**उत्तर:** जीवन में स्वप्न देखना सीखो। और उन स्वप्नों को साकार करने के लिए संघर्ष करो।
कोई उम्र, कोई सीमा नहीं होती सपने देखने की। बस ईमानदारी से प्रयास करते रहो—सफलता अपने आप आएगी।

***(Interview by Khushboo Singh, Avni Agarwal, Kritikaa Gandhi & Megha Joshi)***

# Stories on pages, voices on stage at DU Literature Fest 1.0

*Arjya Biswas and Shreyas Bajpai*
*Delhi School of Journalism*

What happens when books meet real voices? When books meet real voices, stories stop living only on pages and start feeling alive. University of Delhi is organising Delhi University Literature Festival 1.0, on the theme "Nation First: Unity in Diversity," from 12th to 14th February in the North Campus, University of Delhi. It is a space where ideas are spoken, thought and shared through open and meaningful conversations.

Books open the door to these ideas, voices carry them forward, and discussions help bring people closer. It is not about big speeches or complex ideas, but about simple talks that encourage listening, understanding, and engagement with books

The discussion at the festival celebrates books and reading as a means to understand society, culture, and different perspectives. Books here are not treated as something distant or academic, but as something that helps people think, speak, and learn about the world around them. Alongside these discussions, cultural events play an important role in drawing people closer to literature and culture, sparking curiosity, participation, and a deeper interest in diverse cultural expressions.

With an impressive line-up of more than 50 speakers, the festival brings together voices of people from various fields and expertise. These renowned and familiar faces to the public come from diverse professional backgrounds and are widely recognised for their work. Their sessions promise to connect ideas with real-life experiences and issues that people encounter every day.

Aditya Pittie, author of the book Viksit Bharat India 2047, shared his enthusiasm with the DU Literature Festival Social Media team, saying, "I am delighted to participate in the Delhi University Literature Festival." Echoing a similar sentiment, Vijay Chauthaiwale, senior Indian political leader and strategist associated with the Bharatiya Janata Party, noted, "This event is a great opportunity for all of us to express our love and affection for the books and literature in general." Adding to the excitement, poet, theatre actor, voiceover artist, and former cricket commentator Neelesh Kulkarni extended a warm invitation, saying, "I look forward to seeing all of you there, do come over."

The festival gets even more engaging with a list of speakers who are familiar faces to the public. With Rajat Sharma, Anjana Om Kashyap, and Rubika Liyaquat part of the conversations, the discussions are likely to touch upon the world of news, allowing audiences interested in media to listen in on it.

Adding a strong connection to history and identity is K. K. Muhammad. His work makes archaeology accessible in a simple way, with an understanding of history contributing to respect, balance, and unity in today's times.
The discussions also feel closer to everyday life with Pankaj Tripathi. He is known for his down-to-earth performances, and his presence connects cinema with real people and real issues, bringing further excitement to the discussion.

Along with these speakers, other well-known media personalities add energy and warmth to the festival. Together, they make the festival a friendly and open platform where no one feels left out. Anyone can sit, listen, think and engage. It is less of a formal event and more of a shared space for ideas and experiences.

In addition to the talks and conversations, the festival also comes alive with cultural performances. Music, dance, theatre, and other art forms display the diverse cultures of India. These performances bring back the realisation that unity is not only talked about but also experienced through art, music, and celebration.

By bringing together books, media voices, history, cinema, and cultural performances, the festival brings a little bit of something for everyone. The first Literature festival at Delhi University is more than just an event in the calendar. It is a platform where people come together, stories are shared, and the idea of unity in diversity feels real and close to home.

## दिल्ली विश्वविद्यालय में 12 से 14 फरवरी तक साहित्य महोत्सव : 150 से अधिक प्रकाशक होंगे शामिल

डॉ अनुज और यश वर्धन सिंह
दिल्ली स्कूल ऑफ जर्नलिज़्म

दिल्ली विश्वविद्यालय के उत्तरी परिसर स्थित रग्बी खेल परिसर में 12 से 14 फरवरी तक तीन दिवसीय साहित्य महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। इस महोत्सव में देश-विदेश के 150 से अधिक प्रकाशक बुक स्टॉल लगाएंगे। आयोजन का उद्देश्य पाठकों, विद्यार्थियों और साहित्य प्रेमियों को एक साझा मंच पर लाना है। दिल्ली विश्वविद्यालय द्वारा राष्ट्रीय पुस्तक न्यास को सहभागी बनाया गया है। महोत्सव की थीम "राष्ट्र प्रथम – अनेकता में एकता" रखी गई है, जिसके तहत भारतीय ज्ञान परंपरा, साहित्य और समसामयिक अकादमिक विषयों से जुड़ी पुस्तकें उपलब्ध होंगी, इसके अतिरिक्त बाल साहित्य, उपन्यास, साहित्य, शिक्षा, योग, आत्म-सुधार और प्रतियोगी परीक्षाओं से संबंधित पुस्तकों की विस्तृत श्रृंखला पाठकों के लिए उपलब्ध होगी, जिससे सभी आयु वर्ग के लोग लाभान्वित हो सकेंगे। यह महोत्सव केवल पुस्तकों की प्रदर्शनी तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि युवा लेखकों और विद्यार्थियों के लिए ज्ञानवर्धन और वैचारिक संवाद का अवसर भी प्रदान करेगा। 150 से अधिक प्रकाशकों की उपस्थिति के माध्यम से ज्ञान को समाज के हर वर्ग तक पहुंचाने का प्रयास किया जाएगा। यह महोत्सव विश्वविद्यालय परिसर में पुस्तक पठन पाठन की परंपरा को अनवरत बनाए रखा जा सकेगा । यह आयोजन साहित्य के प्रति लोगों में रुचि को बढ़ाएगा साथ ही इस आयोजन का उद्देश्य युवाओं को लेखन के लिए भी प्रेरित करेगा। आयोजन यह संदेश भी देगा कि भारत की भाषाई, सांस्कृतिक और सामाजिक विविधता ही उसकी सबसे बड़ी शक्ति है। विविधता ही भारत की शक्ति है, इस कार्यक्रम के माध्यम से भारत की इस विविधता को जो एकता का सूत्र है, इसे और ज़्यादा मजबूत करने का प्रयास किया जाएगा। इस कार्यक्रम के माध्यम से युवाओं को आधुनिक ज्ञान के साथ साथ लोकवार्ता से भी जोड़ने का प्रयास किया जाएगा।साहित्य के माध्यम से इस विरासत को नई पीढ़ी तक पहुंचाना और "राष्ट्र प्रथम -अनेकता में एकता" के विचार को सुदृढ़ करना इस महोत्सव का मुख्य उद्देश्य है।

हमें यह विधिवत विदित है कि सांस्कृतिक समृद्धता से भारत परम् वैभव को प्राप्त होगा। समृद्ध भारत के सुनहरे भविष्य के निमित्त यह एक अदना प्रयास है, जिससे एक अति विशिष्ट उदाहरण स्थापित होगा।



# How law borrows its soul from literature

*Dr. Vikas Singh & Avni Agarwal*
*Delhi School of Journalism*

On a quiet February afternoon, inside a university that has seen generations of protestors and policymakers walk its corridors, an idea is taking shape, one that seeks to stitch together words and a shared sense of belonging. Delhi University's first-ever Literature Festival, themed **"Nation First: Unity in Diversity,"** is not merely an event on the calendar, it is an attempt to remind a diverse student body of something deeply human: that literature is not confined to books, but flows through culture, law, memory, and everyday life.

At the centre of this vision stands **Prof. Rajni Abbi, Chairperson, DULF Foundation Committee and Director, South Campus, University of Delhi**, who is an academician, an administrator, and above all, a lifelong reader who believes that words have the power to shape nations as much as constitutions do. **"This is the first time we are doing a literature festival at the university level,"** she says.

**"We felt that since this is the first one, it had to be in the name of the nation. The first theme sets the tone for everything that follows."** That tone, Prof. Abbi explains, is not accidental. Inspired by Vice-Chancellor Prof. Yogesh Singh's consistent emphasis on youth and national responsibility, the festival's theme attempts to re-centre nationalism, not as rhetoric, but as lived practice. **"When we talk about nationalism,"** she later reflects, **"we are not only talking about borders. You and I can also practice it by not polluting roads, by following rules, by talking to each other with love even if we come from different cultures."**

For Prof. Abbi, literature and national unity are inseparable. She is candid about a concern that many educators quietly share, that nationalism today often appears only on ceremonial days. **"Today's children become very nationalistic on 15th August and 26th January,"** she observes, **"but the rest of the year, it is forgotten."** Part of the problem, she believes, lies in pedagogy. Literature, however, offers an experience rather than an instruction. **"When students see, listen, and experience literature,"** she says, **"they learn something beyond textbooks. That feeling of nationality should reflect in everything."**

Organising a festival that seeks to represent India's staggering diversity might seem daunting. Prof. Abbi disagrees. **"This is a central university. Students come from everywhere. Even if we do a small programme, we find folk dances, different languages, different cultures."** In fact, the challenge now is abundance. She remarks that the overwhelming number of invitees has made it difficult to accommodate any further requests. **"Our screenings are going on what to show and how to showcase it all in three days."** The image she paints is one of creative excess, often, a good problem to have. A festival bursting with voices, ideas, and performances, all competing for space, all demanding to be heard.

As a professor of law by training, Prof. Abbi embodies the interdisciplinary spirit the festival celebrates. For her, law and literature are not distant disciplines but deeply entwined ways of understanding life. **"Law has always incorporated literature,"** she explains. **"Many judges have quoted from literature, Justice Krishna Iyer, Justice P.N. Bhagwati. When something is said beautifully, it appeals more."** Literature, she argues, makes judgments more readable, more humane. Her own journey reflects this synthesis. **"I did literature in my graduation and then law. In my life, law and literature have been the most important parts."**

One of the most striking moments in the conversation comes when Prof. Abbi speaks about learning from students. Recalling the recent phenomenon of **"bhajan clubbing,"** she admits, **"I didn't know what it was. I saw reels on Instagram."** What she discovered surprised her. **"It's such a beautiful concept, not overly religious, but meditative. Students are singing, dancing, completely involved."** She contrasts it with mindless partying. **"Instead of just discos and senseless dancing, this makes a lot of sense."** Her observation captures a crucial shift: literature and cultural expression are no longer confined to formal spaces. They are evolving through reels and rhythms shaped by the young.


Prof. Rajni Abbi

Though the festival lasts only three days, its ambition stretches far beyond. **"People will start asking when will it happen next?"** Prof. Abbi predicts. **"Once it becomes a success, we plan to do it every year."** Set in an open space, the Rugby Stadium offers free and open access to all. Aligned with the festival's aim to provide a cultural platform where students from across disciplines can meet, learn, and be seen. With student volunteers, careful planning, and no attempt to antagonize any group, the festival hopes to create a space of respect. Performances by the **National School of Drama (NSD)**, promise depth without disruption. When asked about literature that shaped her personally, Prof. Abbi's voice softens. She speaks of her father, who loved Urdu poetry, of listening rather than reading, of poets like **Bashir Badr, Munawwar Rana, and Hari Om Panwar**, whose verses made her feel **"like blood is flowing."** She recalls being fascinated by **Gulzar's Triveni**, a three-line poem that redefined poetic form. **"A small thing,"** she reflects, "**how a common man sees it and how a poet imagines it, that is fascinating."** It is this fascination that fuels the festival's vision.

As the Rugby Stadium transforms into four gates representing North, South, East, and West, cut-outs of dance forms greeting visitors, the Delhi University Literature Festival 1.0 promises not just content, but memories. Something **"people will remember for many years."**

In a time when attention is fleeting, this festival dares you to slow down, to listen, to read, to feel. And in doing so, it reminds us that literature, at its best, is not an escape from life. It is life itself, written beautifully.

***(Interview by Khushboo Singh, Kritikaa Gandhi, Megha Joshi)***

# Delhi University's first literature festival reflects the spirit of "Unity in Diversity"

*Khushboo Singh*
*Delhi School of Journalism*

The stage is set for Delhi University's first-ever literature festival, the Delhi University Literature Fest 1.0. This three-day event, which will be held from 12-14th February 2026 across multiple venues in North Campus, would be bringing together writers, scholars, eminent personalities, and students from across the country to celebrate India's cultural diversity through various programs and sessions.

The event is poised to become a platform keen on representing and celebrating India's diversity in terms of languages and cultural traditions. This literature fest is rooted in the theme of "Nation First: Unity in Diversity," a feeling that will be revived and revoked through a unique blend of book discussions, speaker sessions, and cultural performances.

The preparations for this landmark event are already underway with much enthusiasm, with nearly 1,000 student volunteers involved in its organisation. Students from various bodies, including NCC, NSS and VCIS, will be part of different organising committees, playing an active role in organising the event and managing sessions and events throughout the three days. Unlike many literature festivals that focus on a single language or follow a bilingual format, the Delhi University Literature Fest 1.0. aims to establish itself to be more inclusive platform in terms of linguistic and cultural diversity.

The festival seeks to represent the linguistic and cultural diversity of India by giving space to multiple Indian languages and traditions. Keeping up with the spirit of the Unity in Diversity theme, a key highlight of the festival will be folk dance performances organised in collaboration with the Ministry of Culture, which will showcase India's diverse the regional art forms and cultural traditions.

Speaking about the vision behind the festival, Shri Anoop Lather, Chairperson of Delhi University's Culture Council and one of the key organisers of the festival, said that DULF has been designed to bring diverse languages and cultures together on a single platform. He highlighted how Delhi University itself reflects a unified Bharat, with students and faculty coming not only from across India but also from overseas as well. Speaking on the theme *"Nation First: Unity in Diversity,"* Prof. Ravi Prakash Tekchandani, head of Delhi University's Department of Indian Languages & Literary Studies (ILLS), remarked that literature does not impose national integration and unity, but instead flows naturally with it. He remarked that Indian literature is the blend of various linguistic traditions that are interwoven together and enriches the national identity. He stressed that the idea of unity should not be viewed as "many becoming one," but rather as one nation expressing itself through many languages.

Prof. Tekchandani emphasised that student participation lies at the heart of the Delhi University Literature Festival. He said the festival seeks to create a shared platform where students can engage with encouraging dialogue across regions and traditions.

Through literary discussions, folk performances and cultural exchange, DULF aims to broaden students' perspectives and deepen their understanding of India's rich and multilingual cultural landscape. Prof. Tekchandani pointed out that the student engagement is at the core of Delhi University Literature Festival. About it, he said that the festival aims at providing a common platform for students so that they can interact with literature, folk traditions, music and cultural expressions in multiple Indian languages, therefore fostering regional as well as traditional dialogue.

By means of literary conversation and folk presentation as well as cultural exchange, DULF mission is to enrich students' viewpoint and make their understanding more profound about India's rich and multilingual cultural background.

In summation, this first annual Delhi University Literature Fest 1.0 is adopting an all-inclusive approach with the objective of celebrating literature, in particular the native literatures and also developing the cultural sensitivity, linguistic awareness and a deeper sense of belonging among students, thus strengthening one key point that the power of India rests on its many voices speaking together.

***(Interview By Avni Agarwal & Kritikaa Gandhi)***

# DULF Speaker Profiles



**Ram Madhav Ji**
**Politician, Strategist and Writer**

*Ram Madhav is an Indian politician and social leader. Dr Madhav is currently the President of India Foundation (IF), a New Delhi-based Think tank.*



**Sudhanshu Trivedi Ji**
**Senior Leader of BJP, and a MP in Rajya Sabha**

*Dr. Sudhanshu Trivedi is an engineer and politician. He is currently serving as a Member of Parliament and the National Spokesperson of the Bhartiya Janata Party.*



**Vijay Chauthaiwale Ji**
**Senior Indian Political Leader and Strategist associated with the BJP**

*Dr. Vijay Chauthaiwale is the In-Charge of the Foreign Affairs Department of the Bharatiya Janata Party (BJP) since 2014.*



**Pankaj Tripathi**
**Indian Actor**

*Pankaj Tripathi is an Indian actor, who predominantly works in Hindi cinema and has also appeared in some English, Telugu, and Tamil language films.*



**Sh. Vivek Ranjan Agnihotri**
**Indian Filmmaker and Author**

*Vivek Ranjan Agnihotri is a powerful visionary in the Indian film industry, acclaimed for his directorial ventures and incisive literary works.*



**Rajat Kapoor Ji**
**Indian Actor, filmmaker and playwright**

*Rajat Kapoor is a renowned Indian actor, screenwriter, and director recognized for his work in parallel cinema and independent films.*



**Smt. Anjana Om Kashyap**
**Indian Journalist and Senior Executive Editor at Aaj Tak**

*Anjana Om Kashyap is a prominent Indian journalist and Aaj Tak Managing Editor, known for her assertive anchoring on Halla Bol.*



**K. K. Muhammad**
**Indian Archaeologist**

*He is an Indian archaeologist who served as the Regional Director of the Archaeological Survey of India.*



**Disha Ahluwalia**
**Archaeologist and Writer**

*Disha Ahluwalia is an archaeologist specializing in field archaeology and ancient ceramics. Pursuing a PhD at MSU Baroda, she studies the Ghaggar Basin's landscape.*



**Dr. SK Manjul**
**Archaeologist, Additional Director and General of ASI**

*As the Additional Director General, Dr. Manjul's remarkable contributions to Indian Archaeology are exemplified through excavations Rakhigarhi, Bijnor, Barnawa, and Sinauli.*



**Aabhas K. Maldahiyar**
**Author, Architect and a Public Speaker**

*Aabhas Maldahiyar is a self-taught historian, architect, and published author whose journey bridges the built environment with civilizational memory.*



